प्रेस-विज्ञप्ति   05.02.2024

योगी सरकार ने पेश किया अब तक का सबसे बड़ा बजट
- प्रदेश के विकास के लिए खर्च होंगे ₹ 7,36,437.71 करोड़
- बजट में 24,863.57 करोड़ की नई योजनाएं भी शामिल
- बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सबसे ज्यादा ध्यान

प्रदेश सरकार के बजट से यह स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डालर की इकॉनमी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है, युवाओ को टेबलेट्स देने के लिए 4 हज़ार करोड़ की व्यवस्था की गयी है। इंफ्रास्ट्रक्टर क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़, अयोध्या के लिए 100 करोड़।

एमएसएमइ के लिए एक नयी योजना शुरू की गयी है जिससे कि छोटे उद्योगों के विस्तार को पंख लगेंगे। साथ ही महिलाओं और किसानों के लिए कई घोषणायें की गयी है। सड़कों के निर्माण व एक्सप्रेस के लिए भी एक बड़ी रकम की व्यवस्था की गयी है।

दिल्ली की तर्ज पर लखनऊ में भी एयरोसिटी बनाने की लक्ष्य रखा गया है।

कुल मिलाकर, इस बजट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास का पूरा ध्यान रखा गया है।